## एक नजर में

### निगम महापौर द्वारा इंदिरा कॉलोनी माहेश्वरी धर्मशाला के पास 24 से 30 दिसंबर तक भागवत कथा



**बुरहानपुर।** मां ताप्ती के पावन धरती बुरहानपुर में इंदिरा कॉलोनी स्थित गोकुल धाम ग्रीन पार्क सोसायटी माहेश्वरी धर्मशाला के पास आगामी 24 दिसंबर 2025 से 30 दिसंबर 2025 तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल द्वारा बताया गया कि 24 दिसंबर से 30 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक भागवत कथा श्रवण किया जाएगा। पूर्व महापौर ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर भागवत कथा श्रवण का धर्मलाभ लेने की अपील की है। पूर्व महापौर श्री अतुल पटेल ने जानकारी में बताया कि हमारे यह परम कृपालु कुलदेवता एवं कुलदेवी की असीम कृपा से हमारे पितृ आत्माओ स्वण्नटवरलाल लालदास पटेलएस्वण्मीरा बेन नटवरलाल पटेल, स्व.हिरल अतुल पटेल,स्व.नगीन दास मिठाराम पटेल,स्व.चंपाबेन नगीनदास पटेल,स्व.कृष्णदास नगीन दास पटेल,स्व.प्रकाश नगीनदास पटेल,स्व.निशांत सतिश पटेल की स्मृति में दिनांक 24/12/2025 से 30/12/2025 तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है। यह कथा मानव जीवन को धर्मए भक्ति, करुणा, सेवा और सदाचार की दिशा में आगे बढ़ाने वाला एक पवित्र अवसर है। श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाएँ, उनका उपदेश, प्रेम, करुणा और धर्म की स्थापना की प्रेरणा. हर श्रोता के जीवन में नया प्रकाश जगाती हैं।

व्यासपीठ पर इस कथा का वाचन

श्री आदित्य भाई मुखियाजी श्रीगोकुलचंद्रमा मंदिर, बुरहानपुर द्वारा विराजमान होकर अपनी समधुर अमृतमय वाणी से कथा का रसपान करायेंगे। इस भागवत कथा में आप सहपरिवार आमंत्रित है। कथा की शोभा यात्रा दिनांक 24/12/2025 बुधवार को प्रात: 9.00 बजे से पूर्व महापौर श्री अतुल भाई पटेल के निवास स्थान इंदिरा कॉलोनी से निकलकर गोकुलधाम ग्रीन पार्क सोसायटी, माहेश्वरी भवन के पास जाएगी।

निगम महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भागवत कथा सुनने से आध्यात्मिक विकास होता हैए मन को शांति मिलती है और भगवान के प्रति भक्ति बढ़ती है। कथा के माध्यम से सदाचार, ज्ञान, भक्ति और समाज धर्म का संदेश दिया जाता है। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने सभी नागरिकों से अपील है कि मेरे आग्रह को स्वीकार कर भागवत कथा श्रवण का लाभ प्राप्त करें यह कथा हर श्रोताओं के जीवन में ज्ञान नया प्रकाश जगाती हैं अत: इस कथा में सहपरिवार पधारने की कृपा करें।

### एनसीसी के डॉ. सुशील माहेश्वरी के कैप्टन एवं प्रो. रिया ठाकुर के लेफ्टिनेंट बनने पर सम्मान



**बुरहानपुर।** सेवासदन महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के सीनियर डिवीजन में डॉ. सुशील माहेश्वरी को कैप्टन तथा महिला सीनियर विंग में प्रो. रिया ठाकुर को लेफ्टिनेंट पद प्राप्त करने पर भव्य स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवासदन षिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेन्द्रसिंहजी ठाकुर ने की। यहा उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट रिया ठाकुर ने ग्वालियर में 75 दिवस की कठोर एनसीसी प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जिसमें उन्होंने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं कार्यकुशलता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ट्रेनिंग के दौरान रिया ठाकुर को एकल ड्रील में द्वितीय स्थान अर्जित करने पर सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। इस उपलब्धि सेवासदन शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर, सचिव श्री हसमुखलाल जरीवाला, मैनेजर श्री मनीष पटेल एवं प्राचार्य डॉ. एस. एम. शकील द्वारा कैप्टन सुषील माहेष्वरी एवं लेफ्टिनेंट रिया ठाकुर का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर सम्मान किया गया। स्वागत भाषाण में डॉ. एस. एम. शकील ने कहा कि कैप्टन सुशील महेश्वरी एवं लेफ्टिनेंट रिया ठाकुर ने अथक परिश्रम से यह उपलब्धियां प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। श्रीमती तारिका वीरेंद्रसिंह ठाकुर ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन एवं नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं और महाविद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि उसके प्राध्यापक इस क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टॉफ, एनसीसी कैडेट्स एवं बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### टॉस्क फोर्स व सतर्कता समिति की बैठक



**बुरहानपुर।** सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह की अध्यक्षता में श्रम विभाग अंतर्गत टॉस्क फोर्स एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाल श्रम उन्मूलन एवं संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से समीक्षा की गई। टॉस्क फोर्स बैठक में श्रम पदाधिकारी कन्हैयालाल मोरे ने जानकारी दी कि वर्ष 2025.26 में नवम्बर माह तक 43 संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर बाल श्रम अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने श्रम विभाग को ईंट भट्टों एवं खतरनाक श्रेणी के उद्योगों में बाल श्रम के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि श्रम विभाग आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए चिन्हित हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सृजन वर्माए विभागीय अधिकारीगण एवं समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### 23 दिसम्बर को जनसुनवाई जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगी

**बुरहानपुर।** दिन मंगलवारए 23 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में रोल ऑब्जर्वर की अध्यक्षता में एसआईआर.2026 अंतर्गत निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन के संबंध में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक के आयोजन के कारण मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई कलेक्टोरेट कार्यालय के स्थान परए निर्धारित समय पर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित रहेगी।

## अटल बिहारी वाजपेयी का सुशासन आज मोदी राज में दिखाई देने लगा है: डॉ. माने

**बुरहानुपर भाजपा का विधानसभा सम्मेलन में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन का आत्मसात करने का दिया मंत्र**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** अटल स्मृति पर्व अंतर्गत भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को गरिमामय रूप से मनाने को लेकर विशेष रूप से जिले के बुरहानपुर एवं नेपानगर क्षेत्र का विधानसभा सम्मेलन 22 दिसंबर 2025 को आयोजित किया गया।

बुरहानुपर सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन कर जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, महापौर श्रीमती माधुरी अतंल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी, पुर्व अध्यक्ष दिलिप भाई श्रॉफ एवं मनोज लधवे, महामंत्री चिंतामन महाजन के उपस्थिती में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक सुरेश पवार एवं सेवानिवृत निगमकर्मी जगन्नाथ पवार ने अपने साथीयों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने संबोधित करते हुवे कहा कि अटल स्मृति पर्व अंतर्गत भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को गरिमामय रूप से मनाने को लेकर कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धेय अटल जी का जीवन सरल, सहज और निर्भिक होकर अनुशासनबद्ध रहा है। उन्होने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा के लिए अपना सम्पुर्ण जीवन समर्पीत कर दिया था। करोडो -करोडो कार्यकर्ताओ के मन में उनके प्रति स्नेह देख जा सकता है, यहि नही विपक्ष भी उनके विचारो के प्रति आदर भाव से और गंभीरता से लेते थे। राजनितीक व्यक्तिव के साथ वे बहुमुखी प्रतिभा के के धनी रहे है। 1996 में भाजपा ने उनके नेतृत्व में सरकार बनाकर प्रधानमंत्री सडक योजना, चर्तुभूज सडक योजना सहित विकास के अनगीनत आयामों को स्थापीत किया है। उनका जीवन चरित्र हमारा मार्ग प्रशस्त करता है।

कार्यक्रम को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने संबोधित करते हुवे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली डबल इंजनष् की केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर गांवों को विकास का केंद्र बना रही हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, पीएमआवास, उज्ज्वलाए मुफ्त राशन और स्वास्थ्य जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार गांव, गरीब, खलिहान और किसानों की तरक्की व समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में अनेक विकास कार्य और सफल योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे प्रदेश सरकार की इन दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी जन.जन तक पहुंचाएं।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी ने अटल स्मृति पर्व अंतर्गत भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती अवसर पर आयोजीत विधानसभा सम्मेलन में उनकी कविता सुबह की ओस पर आधारित कविता का अंश एक प्रसिद्ध उद्धरण है, जो जीवन की क्षणभंगुरता और सौंदर्य के बीच संतुलन की बात करता है, जिसमें वे कहते हैं कि ओस की बूँदें भले ही क्षणिक हों, पर उगते सूरज की रोशनी में कण.कण में बिखरे सौंदर्य को जीना चाहिए, क्योंकि सूर्य तो फिर उगेगा, पर ओस की बूँद हर मौसम में नहीं मिलेगी, जिसका सार है क्षणिक सुखों और जीवन के हर पल को पूरी तरह जीना चाहिए।

उन्होंने बुरहानपुर के विकास की बात करते हुवें उपस्थित कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया, वही अपने विधानसभा क्षेत्र मे किए गए विकास कार्यो की जानकारी भी दी। आपने शाहपुर में 111 करोड से अधिक के विकास कार्य एवं जनपद पंचायत क्षेत्र में किए गए विकास कार्यो सहित बुरहानपुर विधानसभा में किए कार्यो पर विस्तार से जानकारी दी। आपने कहा कि बुथ स्तर तक विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में पहुचााने का काम किया गया है। इसकी श्रंखलाबद्ध जानकारी चौकाने वाली दिखाई देती है। कार्यकम्र को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी ने भी संबोधीत किया। कार्यक्रम का संचालन चिंतामन महाजन द्वारा आभार आभार संभाजी समरे ने माना।

उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा सह मिडिया पभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि इस दौरान भाजपा नेता जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस दीदी, महापौर श्रीमती माधुरी अतंल पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी, पुर्व अध्यक्ष दिलिप भाई श्रॉफ एवं मनोज लधवे, महामंत्री चिंतामन महाजन, ज्ञानेश्वर मोर, कैलाश पारीक, आदित्य प्रजापति, मनोज टंडन, अनिल भोसले, दिलीप श्रॉफ, सह प्रभारी वरिष्ठ नेता बलराज नावानी, समर्थ चिटनिस, गजेंद्र पाटील, पप्पू भाई, रूर्देश्वर एन्डोले पुर्व मंडल अध्यक्ष, रूपेश लिहंकर पिछडा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री एवं दिनकर महाजन पुर्व मंडल अध्यक्ष शाहपुर सहित जिला, मंडल एवं मोर्चा पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## नगर निगम की रेड, भारी मात्रा में 9 क्विंटल 74 किलो प्लास्टिक पॉलीथिन सामग्री जब्त



**बुरहानपुर।** नगर निगम आयुक्त श्री संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में आज प्लास्टिक का कारोबार करने वाले ट्रांसपोर्ट पर कार्यवाही की गई नगर निगम द्वारा निरंतर छापामार कार्रवाई की जा रही हैं शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध है। इसी के चलते निगम प्रशासन जगह जगह छापे मारकर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर रहा है। जहां पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक मिल रहा है वहां पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जा रहा है। निगम आयुक्त से संदीप श्रीवास्तव के निर्देशन में दल बनाकर जिसमें सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश पाटिल, सैक्टर अधिकारी राकेश कुशवाह, सुपरवाइजर की टीम द्वारा सूचना पर इंदौर ईच्छापुर नेशनल हाईवे शनवारा चौराहा पर स्थित आरको ट्रांसपोर्ट पर निगम टीम द्वारा रेड मारी गई जिसमें भारी मात्रा में अवैध प्रतिबंधित 9 क्विंटल 74 किलो अमानक प्लास्टिक पॉलीथिन को जब्त कर जुर्माना लगाया गया सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने बताया कि सूचना के आधार पर सूचना के आधार पर नगर निगम तीन द्वारा संवारा स्थित और को परिसर में हर को ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई की गई यह किसी सोनू नाम के व्यापारी की प्लास्टिक पॉलिथीन पाई गई है। निगम सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा ने दुकानदारों को समझाईश देने के साथ.साथ कार्यवाही भी की।

## भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ पर कलश यात्रा में सहभागी हुई चिटनिस





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** श्री गणेश कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को निकाली गई भव्य कलश यात्रा में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा भाव से सहभागिता की और पुण्य लाभ अर्जित किया। जनप्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक साधारण श्रद्धालु के रूप में उनकी सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

कलश यात्रा में मातृशक्ति द्वारा सिर पर कलश धारण कर किए गए मंगल पदचिन्ह, केसरिया ध्वजों से सजे मार्ग और हरिनाम संकीर्तन की गूंज से समूचा क्षेत्र आध्यात्मिक वातावरण में डूब गया। इस दौरान श्रीमती चिटनिस परम पूज्य श्री धनंजयदास जी महाराज से आशीर्वाद लिया तथा आयोजन समिति के सदस्यों से आत्मीय संवाद किया।

इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहींए बल्कि समाज में संस्कार, सेवा, समर्पण और सद्भाव के भाव को सुदृढ़ करने वाला दिव्य माध्यम है। ऐसी कथाएँ हमारी सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखती हैं और आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि माँ ताप्ती की पावन धरती पर इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और नैतिक मूल्यों को मजबूती देते हैं। कलश यात्रा सनातन संस्कृति की उस अविरल धारा का प्रतीक है] जो पीढ़ी दर पीढ़ी हमें धर्मए कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति दायित्व का संदेश देती आई है।

विधायक श्रीमती चिटनिस ने 21 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के सफल आयोजन हेतु श्री बाल गोपाल सेवा मंडल, गणेश कॉलोनी एवं समस्त श्रद्धालुजनों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह कथा जन.जन के हृदय में भक्ति, करुणा और सद्भाव का संचार करेगी तथा समाज को सकारात्मक दिशा देगी। अंत में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव बुरहानपुर सहित संपूर्ण क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सुदृढ़ करे। इस दौरान कलश यात्रा में नरहरी दीक्षित, रूपेश लिहनकर, अनिल महाजन, भोला महाजन, श्रीमती ममता दुबे, रोहन पाटिल, महेन्द्र महाजन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व भक्त उपस्थित रहे।

## डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचाएं : सांसद



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति एवं मध्य प्रदेश सरकार के दो वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने पर विधानसभा स्तरीय सम्मेलनो का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को नेपानगर विधानसभा के ग्राम डोईफोड़िया में विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन हुआ।सम्मेलन में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटीलए नेपानगर विधायक सुश्री मंजू राजेंद्र दादूएभाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रदेश सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है लाभ:**-सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली डबल इंजनष् की केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर गांवों को विकास का केंद्र बना रही हैं। गरीब कल्याण, किसान सम्मान, पीएमआवास, उज्ज्वला, मुफ्त राशन और स्वास्थ्य जैसी अनेक योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार गांव, गरीब, खलिहान और किसानों की तरक्की व समग्र विकास के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में अनेक विकास कार्य और सफल योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने सभी भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे प्रदेश सरकार की इन दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी जन.जन तक पहुंचाएं।

**नेपानगर विधानसभा में तेज रफ्तार से हुए हैं विकास कार्य**

नेपानगर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश मेंए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों मेंए किसानों, युवाओं और छात्रों की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सड़कए बिजलीए पेयजलए शिक्षाए स्वास्थ्य और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार गांव.गांव तक किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आया है। प्रदेश सरकार गांवों और किसानों को प्राथमिकता देते हुए उनकी आय बढ़ाने और जीवन को सरल बनाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। सम्मेलन में जनप्रतिनिधिगणए पदाधिकारीगणए कार्यकर्तागण सहित क्षेत्रवासी आदि मौजूद रहे।

## विट्ठलेश्वर महादेव मंदिर में पंचम पाटोत्सव



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विट्ठल सेवा द्वारा महर्षि दयानंद वार्ड स्थित बाड़ी की पोल में विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर में पंचम पाटोत्सव 21 दिसंबर पौष शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर हर्षोल्लास के साथ मनाया। विठ्ठल सेवा के अजय बालापुरकर ने बताया की विठ्ठल सेवा द्वारा लॉकडाउन में महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कर सभी के सहयोग से विठ्ठलेश्वर महादेव मंदिर का भव्य निर्माण किया गया था जिसका प्रति वर्ष अनुसार जैसे घर में सभी अपने जन्म दिवस, शादी की सालगिरह आदि मानते हैं उसी तरह पूरे बाड़ी की पोल निवासियों द्वारा उत्साह के साथ 11 जोड़ो द्वारा पार्थिव शिवलिंग का द्वारा पूजनए मां ताप्ती के जलए दूधए पंचामृत से अभिषेक कर हवन में सभी ने पूर्णाहुति दी इसके बाद में महाआरती कर सभी के सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना के साथ विठ्ठल रुकमणि मंदिर का जीर्णोद्धार का संकल्प लिया इस अवसर पर सभी लोगों ने भोजन प्रसादी ग्रहण की और विठ्ठलेश्वर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मिलिंद जैसवाल, विनोद मनचंदानी, महेश नवग्रहे, विक्की बेर, हेमंत एरेंडोल वाला, नवीन अग्रवाल, मनोज वारुडे, निकेश खत्री, सुमित खुराना, प्रशांत सराफ रोशन अग्रवाल, शैलेंद्र खत्री, अतुल नवग्रहे, अजय अयरे, मुकेश सराफशुभम सराफ योगेश अयरे एवं स्थानिय निवासी उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ **पुनर्घत्वीकरण योजना से बदला बुरहानपुर का प्रशासनिक व शहरी स्वरूप....**

## 20वीं सदी में बने अधूरे जर्जर प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने का संकल्प है : विधायक

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर विधानसभा क्षेत्र में पुनर्घत्वीकरण योजनांतर्गत किए गए विकास कार्य आज धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। 20वीं सदी में बने अधूरे जर्जर प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक स्वरूप देने का जो संकल्प भाजपा सरकार बनने पर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सुशासन हेतु लिया था, वह अब साकार होता नजर आ रहा है।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पुनर्घत्वीकरण योजनांतर्गत निर्मित एसडीएम कार्यालयए तहसील कार्यालय एवं जनपद पंचायत कार्यालय भवनों का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती चिटनिस ने भवनों की निर्माण गुणवत्ता, उपलब्ध नागरिक सुविधाओंए कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं समग्र उपयोगिता का बारीकी से परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुविधाए पारदर्शिता और कार्यदक्षता इस योजना के मूल उद्देश्य हैं।



**2016 में लिया गया संकल्प हुआ साकार:**-इस अवसर पर अर्चना चिटनिस ने कहा कि वर्ष 2016 में लिया गया पुनर्घत्वीकरण का संकल्प सशक्त रूप में धरातल पर उतर चुका है।

उन्होंने कहा कि यह केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि बुरहानपुर के प्रशासनिक और शहरी स्वरूप को नए युग में ले जाने की ठोस पहल है। पुराने, जीर्ण.शीर्ण और अव्यवस्थित भवनों के स्थान पर अब आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक.अनुकूल प्रशासनिक परिसर विकसित हो चुके हैंए जिससे शहर की पहचान और गरिमा दोनों में वृद्धि हुई है।

**एसडीएम व तहसील कार्यालय का संचालन प्रारंभ हो रहा है:**-अवलोकन के दौरान अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि एसडीएम कार्यालय एवं तहसील कार्यालय का संचालन प्रारंभ हो रहा है। औपचारिक लोकार्पण अतिशीघ्र किया जाएगा। इन कार्यालयों के शुरू होने से आम नागरिकों को एक ही परिसर में विभिन्न शासकीय सेवाएं सहजए सरल और पारदर्शी रूप से उपलब्ध हो रही हैं। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि इससे नागरिकों को अलग.अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय व संसाधनों की बचत होगी। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी आधुनिकए सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त कार्य वातावरण मिल रहा हैए जिससे प्रशासनिक कार्यों की गति और गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।

**113 करोड़ के विकास कार्यों से बदली शहर की तस्वीर:**-श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि पुनर्घत्वीकरण योजना अंतर्गत लगभग 113 करोड़ रुपए की लागत से किए गए विकास कार्यों ने बुरहानपुर की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। इन कार्यों के माध्यम से शहर एक विकसितए सुव्यवस्थित और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वरूप में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत आगे भी विकास कार्यों की निरंतर श्रृंखला जारी है और आने वाले समय में 200 करोड़ रुपए से अधिक के अतिरिक्त विकास कार्य भी इसी योजना के अंतर्गत क्रियान्वित किए जा रहे हैं।

**आधुनिक भवनए बेहतर सुविधाएं और शासकीय भूमि का सुनियोजित उपयोग:**-श्रीमती चिटनिस ने कहा कि यदि नए प्रशासनिक भवन, अस्पताल एवं शासकीय संस्थानों का निर्माण नहीं किया जाताए तो पुनर्घत्वीकरण योजना अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाती। आज इस योजना के अंतर्गत आधुनिक प्रशासनिक परिसर, नए तहसील भवन ;शहरी एवं ग्रामीण जनपद पंचायत कार्यालय, 30 बिस्तरों वाला आधुनिक अस्पताल, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 62 आवासीय भवन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं विकसित हो चुकी हैं। इससे शासकीय भूमि का बेहतरए योजनाबद्ध और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हुआ है और नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार आया है।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, चिंतामन महाजनए कैलाश पारीक, धनराज महाजनए आशीष शुक्ला, संभाजीराव सगरे, रूद्रेश्वर एंडोलेए योगेश महाजन, विनोद पाटिल, गोकुल चौधरी, गौरव शिवहरे, विनोद चौकसे, विनोद कोली, देवीदास चौधरी, देवानंद पाटिल, निलेश चौधरी सहित अन्य उपस्थित रहे।